GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
DEPARTMENT OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

RAJYA SABHA
STARRED QUESTION NO. 77
TO BE ANSWERED ON THE 3RD DECEMBER, 2024

NEW PROGRAMMES FOR MENTAL HEALTH AWARENESS AND CARE IN THE COUNTRY

77 SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU:

Will the Minister of Health and Family Welfare be pleased to state:

(a) whether the Ministry has launched any new programmes to improve mental health awareness and care across the country, particularly in rural and underserved areas;

(b) if so, the specific goals and timelines set for these programs and the budget allocated for their implementation;

(c) the Ministry's approach for integrating mental health care into the primary healthcare system; and

(d) whether there are plans to increase the availability of trained mental healthcare professionals in public healthcare institutions and if so, the details thereof?

ANSWER

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI PRATAP RAO JADHAV)

(a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO RAJYA SABHA STARRED QUESTION NO. 77 * FOR 3RD DECEMBER, 2024

(a) to (c) The Government has launched a "National Tele Mental Health Programme" (NTMHP) on 10th October, 2022, that would function as the digital arm of the District Mental Health Programme to provide universal access to equitable, accessible, affordable and quality mental health care through 24 x 7 tele-mental health counselling services. For this, a toll-free number (14416) has been set up across the country.

Specific objectives of the Programme are:

i. To exponentially scale up the reach of mental health services to anybody who reaches out, across India, any time, by setting up a 24x7 tele-mental health facility in each of the States and UTs of the country.

ii. To implement a full-fledged mental health service network that, in addition to counselling, provides integrated medical and psychosocial interventions.

iii. To extend services to vulnerable groups of the population and difficult to reach populations.

As on 22.11.2024, 36 States/ UTs have set up 53 Tele MANAS Cells. Tele-MANAS services are available in 20 languages based on language opted by States. More than 15,95,000 calls have been handled on the helpline number.

Rs. 120.98 crore, Rs. 133.73 crore and Rs. 90.00 crore has been allocated for National Tele Mental Health Programme (NTMHP) for the year 2022-23, 2023-24 and 2024-25 respectively.

The Government has launched Tele MANAS Mobile Application on World Mental Health Day, i.e. 10th October, 2024. Tele-MANAS Mobile Application is a comprehensive mobile platform that has been developed to provide support for mental health issues ranging from well-being to mental disorders.

The Government has established a dedicated Tele-MANAS Cell at the Armed Forces Medical College (AFMC), Pune to extend tele-mental health assistance and support to all Armed Forces service personnel and their dependents, further enhancing the mental health care services available to them.

In addition to the above, the Government is also taking steps to integrate mental healthcare services at primary healthcare level. The Government has upgraded more than 1.73 lakh Sub Health Centres (SHCs) and Primary Health Centres (PHCs) to Ayushman Arogya Mandirs. Mental health services have been added in the package of services under Comprehensive Primary Health Care provided at these Ayushman Arogya Mandirs.

The District Mental Health Programme (DMHP) is implemented under the National Mental Health Programme in 767 districts of the country to detect, manage and treat mental illness at District Hospitals. Facilities are also made available under DMHP at the Community Health Centre(CHC) and Primary Health Centre(PHC) levels and include outpatient services, assessment, counselling/ psycho-social interventions, continuing care and support to persons with severe mental disorders, drugs, outreach services, ambulance services etc.

(d) Under the Tertiary care component of NMHP, 25 Centres of Excellence have been sanctioned to increase the intake of students in Post Graduate (PG) departments in mental health specialities as well as to provide tertiary level treatment facilities. The Government has also provided support to establish / strengthen 47 PG Departments in mental health specialties in 19 Government Medical Colleges/ institutions.

For increasing the number of psychiatrists in the Country, Post Graduate Medical Education Board (PGMEB) of National Medical Commission (NMC) has issued the Minimum Standard of Requirements for Post-Graduate Courses - 2023 (PGMSR-2023) on 15.1.2024. For starting/ increase of seats in MD (Psychiatry), the number of OPD has been brought down to 30 per day for annual intake of maximum 2 PG students with 20% increase for each additional seat. Similarly, the minimum beds required per unit for starting MD (Psychiatry) course with 2 seats, 3 seats and 5 seats in a medical college is 8 beds, 12 beds and 20 beds respectively.

Under the National Health Mission, following types of incentives and honorarium are provided for encouraging specialist doctors to practice in public healthcare institutions in rural and remote areas of the country:

- Hard area allowance to specialist doctors for serving in rural and remote areas and for their residential quarters so that they find it attractive to serve in public health facilities in such areas.
- States are also allowed to offer negotiable salary to attract specialist including flexibility in strategies such as "You Quote We Pay".
- Non-Monetary incentives such as preferential admission in post graduate courses for staff serving in difficult areas
- Multi-skilling of doctors is supported under NHM to overcome the shortage of specialists.

The Government is also augmenting the availability of manpower to deliver mental healthcare services in the underserved areas of the country by providing online training courses to various categories of general healthcare medical and para medical professionals through the Digital Academies, established since 2018, at the three Central Mental Health Institutes namely National Institute of Mental Health and Neuro Sciences, Bengaluru, Lokopriya Gopinath Bordoloi Regional Institute of Mental Health, Tezpur, Assam, and Central Institute of Psychiatry, Ranchi. The total number of professionals trained under Digital Academies are 42,488.

****

भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: 77
03 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और देखभाल के लिए नए कार्यक्रम

77. श्री रविचंद्र वद्दीराजू:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने पूरे देश में, विशेष रूप से ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों में, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और देखभाल में सुधार लाने के लिए किसी नये कार्यक्रम की शुरुआत की है;

(ख) यदि हां, तो इन कार्यक्रमों के लिए निर्धारित विशिष्ट लक्ष्यों और समय-सीमा तथा उनके कार्यान्वयन के लिए आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है;

(ग) मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में एकीकृत करने के बारे में मंत्रालय का दृष्टिकोण क्या है; और

(घ) क्या सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल संबंधी पेशेवरों की उपलब्धता को बढ़ाए जाने की कोई योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

राज्य सभा के दिनांक 03 दिसम्बर, 2024 के तारांकित प्रश्न संख्या *77 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): सरकार ने 10 अक्टूबर, 2022 को एक "राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम" (एनटीएमएचपी) शुरू किया है, जो चौबीस घंटे टेली-मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं के माध्यम से युक्तिसंगत, सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करने के लिए जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की डिजिटल शाखा के रूप में कार्य करेगा। इसके लिए, देश भर में एक टोल-फ्री नंबर (14416) दिया गया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य हैं:

i. देश के प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में चौबीस घंटे टेली-मानसिक स्वास्थ्य सुविधा स्थापित करके, पूरे भारत में किसी भी व्यक्ति तक किसी भी समय पहुंचने वाले मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को तेजी से बढ़ाना है।

ii. एक पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क कार्यान्वित करना, जो परामर्श के अतिरिक्त एकीकृत चिकित्सा और मनोसामाजिक हस्तक्षेप प्रदान करता है।

iii. आबादी के कमजोर समूहों और दुर्गम आबादी तक सेवाओं का विस्तार करना।

दिनांक 22.11.2024 तक 36 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने 53 टेली मानस सेल स्थापित किए हैं। टेली-मानस सेवाएँ राज्यों द्वारा चुनी गई भाषा के आधार पर 20 भाषाओं में उपलब्ध हैं। हेल्पलाइन नंबर पर 15,95,000 से अधिक कॉल ली गई हैं।

वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनटीएमएचपी) के लिए क्रमशः 120.98 करोड़ रुपये, 133.73 करोड़ रुपये और 90.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

सरकार ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस अर्थात् 10 अक्टूबर, 2024 को टेली मानस मोबाइल एप्लीकेशन शुरू किया है। टेली-मानस मोबाइल एप्लीकेशन एक व्यापक मोबाइल प्लेटफॉर्म है जिसे मानसिक स्वास्थ्य से लेकर मानसिक विकारों तक के मुद्दों के लिए सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

सरकार ने सशस्त्र सेना चिकित्सा कॉलेज (एएफएमसी), पुणे में एक समर्पित टेली-मानस सेल की स्थापना की है, ताकि सभी सशस्त्र बलों के कार्मिकों और उनके आश्रितों को टेली-मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समर्थन प्रदान किया जा सके, ताकि उनके पास उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं में और वृद्धि की जाए।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी कदम उठा रही है। सरकार ने 1.73 लाख से अधिक एसएचसी, पीएचसी, यूपीएचसी और यूएचडब्ल्यूसी को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अपग्रेड किया है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रदान की जाने वाली व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के अंतर्गत सेवाओं के पैकेज में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को जोड़ा गया है।
जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत देश के 767 जिलों के जिला अस्पतालों में मानसिक रोग का पता लगाने, प्रबंधन और उपचार करने के लिए लागू किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तरों पर डीएमएचपी के तहत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं और इसमें बाह्य रोगी सेवाएं, मूल्यांकन, परामर्श/मनो-सामाजिक हस्तक्षेप, गंभीर मानसिक विकारों वाले व्यक्तियों की निरंतर देखभाल और सहायता, औषधियां, आउटरीच सेवाएं, एम्बुलेंस सेवाएं आदि शामिल हैं।

(घ): एनएमएचपी के विशिष्ट परिचर्या घटक के तहत, मानसिक स्वास्थ्य विशेषताओं में स्नातकोत्तर (पीजी) विभागों में छात्रों की प्रवेश क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ विशिष्ट स्तर की उपचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए 25 उत्कृष्टता केंद्रों को स्वीकृति दी गई है। सरकार ने 19 सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञताओं में 47 पीजी विभागों की स्थापना/सुदृढ़ीकरण के लिए भी सहायता प्रदान की है।

देश में मनोचिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए, एनएमसी के पीजीएमईबी ने दिनांक 15.1.2024 को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम मानक - 2023 (पीजीएमएसआर-2023) जारी किया है। एमडी(मनोचिकित्सा) में सीटों की शुरुआत/बढ़ोतरी करने के लिए, पीजीएमएसआर-2023 ने प्रत्येक अतिरिक्त सीट के लिए 20% वृद्धि के साथ अधिकतम 2 पीजी छात्रों के वार्षिक प्रवेश के लिए ओपीडी की संख्या को घटाकर प्रति दिन 30 कर दिया है। इसी प्रकार, एक मेडिकल कॉलेज में 2 सीटों के साथ एमडी (मनश्चिकित्सा) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रति यूनिट न्यूनतम बेड की आवश्यकता 8 बेड, 3 सीटों के लिए 12 बेड और 5 सीटों के लिए 20 बेड है।

एनएचएम के तहत, देश के ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों को प्रैक्टिस करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निम्नलिखित प्रकार के प्रोत्साहन और मानदेय दिए गए हैं:

- ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में सेवा करने के लिए और उनके आवासीय क्वार्टरों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों को दुर्गम क्षेत्र भत्ते दिए जाते हैं ताकि वे ऐसे क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सेवा करने के लिए आकृष्ट हों।
- विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए राज्यों को नेगोशिएबल वेतन की पेशकश करने की भी अनुमति है, जिसमें "यू कोट वी पे" जैसी कार्यनीतियों में लचीलापन शामिल है।
- दुर्गम क्षेत्रों में सेवारत कर्मचारियों के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अधिमान्य प्रवेश जैसे गैर-मौद्रिक प्रोत्साहन।
- विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए एनएचएम के तहत डॉक्टरों के बहु-कौशल के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

सरकार वर्ष 2018 से तीन केंद्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों अर्थात् राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और तंत्रिका विज्ञान, बेंगलुरु, लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, तेजपुर, असम और केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, रांची में स्थापित डिजिटल अकादमियों के माध्यम से सामान्य स्वास्थ्य परिचर्या चिकित्सा और अर्ध चिकित्सा पेशेवरों की विभिन्न श्रेणियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करके देश के अल्पसेवित क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने के लिए जनशक्ति की उपलब्धता भी बढ़ा रही है। डिजिटल अकादमी के तहत प्रशिक्षित पेशेवरों की कुल संख्या 42488 है।

****

SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU: Sir, could the hon. Minister explain the specific strategies we were using to help people in our villages and small towns to overcome the stigma around mental health? How are we training local health workers, like ASHA workers, to provide sensitive and effective mental health support? We know that mental health is a critical issue. Can you share how the allocated Budget will make a real difference and States with highest mental health challenges will see the most significant impact?

श्री प्रतापराव जाधव : उपसभापति महोदय, यहां जो प्रश्न पूछा गया, मैं उसके बारे में बताना चाहूंगा कि रूरल एरियाज़ में, ग्रामीण एरियाज़ में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अनेक गतिविधियां होती हैं। उसके साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जागरुकता और विक्षिप्त निवारण गतिविधियां, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के संदिग्ध मामलों की पहचान और मनोसामाजिक हस्तक्षेप से पहले निर्धारित दवाई भी वितरित की जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्क्रीनिंग के बाद मानसिक स्वास्थ्य विकारों के संदिग्ध मामलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रेफर करते हैं और सहायता प्रदान करने के लिए टेली परामर्श का भी उपयोग करते हैं। तो ग्रामीण रूरल में भी इसकी व्यवस्था है। इसकी देखभाल की व्यवस्था त्रिस्तरीय की जाती है कि गांव में प्राथमिक देखभाल में आयुष्मान मंदिर के पास जो द्वितीय देखभाल होती है, वह जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से होती है, जिसमें सभी 36 राज्यों के, संघ राज्यों के क्षेत्रों के साथ लगभग 767 जिलों में यह काम चलाया जाता है। तीसरा, जो तृतीय देखभाल है, वह देश के केन्द्र और राज्य सरकारों के अंतर्गत 740 मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों के मेडिकल कॉलेजेज़ और एम्स के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

श्री उपसभापति : धन्यवाद, सेकेंड सप्लीमेंटरी।

SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU: Sir, technology is changing the way how we access to health care. Are we using digital platforms like telemedicine to reach out to people in remote areas who might not have easy access to mental health professionals? Many families struggle to understand mental health. What steps are we taking to help community health care workers help families support their loved ones with care, compassion and proper understanding?

श्री जगत प्रकाश नड्डा : उपसभापति महोदय, हमारे माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तृत जवाब दिया है। इसमें साधारण तौर पर जो समझने वाली बात है, वह यह है कि हम लोगों ने primary health care को strengthen करने का प्रयास किया है। Primary health care को strengthen करने के लिए 1,73,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को National Quality Assessment Standards (NQAS) के साथ स्थापित कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम universal screening at the age of 30 करें, तो उस universal screening में dental, mental, diabetes, hypertension,

diseases related to renal, cancer और cervical cancer की early detection हो जाएगी। Early detection का मतलब यह है कि when a patient or a person comes for screening at the Ayushman Arogya Mandir, if there is something which is uncommon or unusual, it is taken care of by the ANMs, ASHA workers, and then, it is referred to the PHCs. If it is not detected, then, it is referred to the CHCs. Then, it is referred to a district hospital and then to a tertiary health care facility. Mass base में problematic या high-risk patients का detection हो जाता है। उस detection में mental case भी आता है और उसके साथ-साथ हम उसको आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

दूसरा, इसको wider scale में लेने के लिए we have started a programme, which is known as National Tele Mental Health Programme, on 10th October 2022. It is a digital arm. यह digital arm है और digital arm के लिए इसमें exponentially scale को reach out करने के लिए, मेंटल हेल्थ के लिए और 24x7 tele mental health facility दी जा सके, इस बात के लिए इस platform का उपयोग किया गया है। National Tele Mental Health Programme को लागू किया गया है। मैं यहां यह भी बताना चाहूंगा कि mental health assistance के लिए 22nd November, 2024 के अनुसार we have set up 53 Tele-MANAS Cells. MANAS is Mental Health Assistance and Networking Across States. There are 53 centres. Consultation is done in 20 regional languages so that wider scale में वह लोगों तक पहुंच सके और उस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों को इस बात की जानकारी मिल सके। इसी के साथ-साथ the Government has also launched MANAS Mobile application. MANAS app भी लॉन्च किया है। With this, video consultation is also done. This has been done for accessibility और accessibility के साथ-साथ availability, affordability भी है, जिससे हर कोई उसका उपयोग कर सके। उसके लिए free toll number है। आप उसको डायल कीजिए और अपने बारे में बताइए। वह 20 भाषाओं में ट्रांसलेट होता है। आपको जिस लैंग्वेज़ में कहना है, उस लैंग्वेज़ में कहिए। मैं आपको इसके बारे में एक और बात बताना चाहूंगा। We have got counsellors who are Masters in Clinical Psychology and Social Work, MS (Sociology), Bachelors of Psychology, etc. When they are not able to detect the case, it is referred to the psychiatrist who is a senior consultant and a post-graduate with psychiatric qualification like MD, DNB Diploma, etc. So, he is a highly qualified person. I am talking about Tele-MANAS at these 53 centres with 20 languages, where it is translated it into 20 languages for that consultation. उसी तरीके से, we have got Clinical Psychologists who are first or second class M.Phil. in Clinical Psychology, Psychiatric Social Worker, Psychiatric Nurse with M.Sc. (Psychiatric Nursing). So, these centres operate and I will say that this is a very revolutionary step because, with these telecommunication and these tele-centres, उन पेशेंट्स को, जिनको एक्सेस नहीं मिलती थी, हम उनको भी एक्सेस देने का प्रयास कर रहे हैं। यह 24x7 चल रहा है और हम इसे एक कार्यरूप दे रहे हैं, जिसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोग इसका उपयोग कर सकें।

महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि approximately 15,95,000 calls have been handled by the Helpline number. इस तरीके से हमारा यह सैंटर चल रहा है at 53 centres.

SHRI TIRUCHI SIVA: Mr. Deputy Chairman, Sir, I appreciate the Minister that Tele-MANAS is connected in 20 regional languages. I would like to know from the Minister: Has any assessment been done State-wise regarding the postpartum mental health issue which prevails among women and the steps taken to address the shortage of mental health beds in line with WHO recommendations?

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, the assessment is a continuous process which we are doing. This programme started in 2022 and accordingly, our various organizations do the assessment, which is continuously done. But, at this point of time, the assessment report has not come as yet.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : उपसभापति महोदय, यह बहुत ही इंपॉर्टेंट विषय है, जिस पर सदन में सवाल उठाया गया है। Regarding mental health, it is very critical especially for the women in the rural areas. This needs to be addressed very carefully. What steps has the Government taken to increase the number of mental health counsellors across the country? उपसभापति महोदय, ये जो अलग-अलग योजनाओं के बारे में बोल रहे हैं, उनके बारे में तो हमने भी कभी नहीं सुना है। जब रूरल एरियाज़ की महिलाओं को ये प्रॉब्लम्स आती हैं, तब उनके लिए कौन-से ऐसे माध्यम हैं, कौन-से ऐसे काउंसलर्स हैं, जिनके माध्यम से इन प्रॉब्लम्स को सुलझाया जा सकता है?

श्री जगत प्रकाश नड्डा : माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहता हूं और मैं यह भी चाहूंगा कि हम सभी लोग - क्योंकि हम सभी चुने हुए प्रतिनिधि हैं और सभी लोग ऐसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, इसलिए यदि आपको कभी मौका मिले या कभी प्रयासपूर्वक अपनी आशा वर्कर्स के साथ जरूर बात करें। यदि आप ऐसा करेंगे, तो आपके ध्यान में आएगा कि they are doing multi activities and multi training is going on. They are the first contact between the people and the Health Department. हम लोगों ने उन्हें ट्रेनिंग दे रखी है। They know all these things. आपके ध्यान में आएगा कि not only this, there are other things like tuberculosis, leprosy and other diseases. वहाँ सबके बारे में, काउंसलिंग से लेकर सब कुछ करने में, हमारी जो आशा वर्कर्स हैं, हम उनके माध्यम से सभी बातों को कम्युनिकेट करते हैं। इसी तरह से हमारे जो पीएचसीज़ का नर्सिंग स्टाफ है या हमारे जो सब-सैंटर्स हैं, जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं, वहां पर इन सभी की रेग्युलर ट्रेनिंग चल रही है। मैं चाहूंगा कि आप आयुष्मान आरोग्य मंदिर विज़िट करें और उन्हें सपोर्ट करें। ये अपने-अपने एरियाज़ में सभी जगह पर हैं। आप इन्हें जितना ज्यादा सपोर्ट करेंगे, उतना ही भारत का स्वास्थ्य सुधरेगा और हम उसमें सहयोग कर सकेंगे। But from the Health Ministry, I would like to

assure that the training is a continuous process and it is going on in all fields. यह हम हरेक को बताते रहते हैं ताकि उनका अपग्रेडेशन हो और उस अपग्रेडेशन के माध्यम से, वे उन फैसेलिटीज़ का लाभ ले सकें। हम यह भी बताना चाहेंगे कि tertiary हेल्थ केयर की दृष्टि से, चाहे निमहांस हो, चाहे तेजपुर का मेडिकल इंस्टिट्यूट हो, चाहे रांची का मेडिकल इंस्टिट्यूट हो, इन सबको हम लोगों ने strengthen किया है। निमहांस के अंदर हाई क्वालिटी ऑफ रिसर्च भी चलती है। इसके माध्यम से जो निष्कर्ष निकालते हैं, वे ट्रेनिंग के माध्यम से नीचे तक जाते हैं। माननीय सदस्या, रजनी अशोकराव पाटिल जी ने जो पूछा है, उसे लेकर मैं इतना ही कहूंगा कि जो हमारा काउंसलिंग का प्रोसेस है, वह राइट फ्रॉम दि ग्रासरूट लेवल होता है।

श्री उपसभापति : धन्यवाद, माननीय मंत्री जी। सवाल पर अंतिम सप्लीमेंट्री – डा. भीम सिंह जी।

डा. भीम सिंह : माननीय उपसभापति महोदय, यह बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है। सरकार ने विस्तृत उत्तर भी दिया है। इस योजना के सफल होने में जो सबसे बड़ी भूमिका होगी, वह पेशेवर और प्रशिक्षित कार्मिकों की होगी। सरकार प्रशिक्षण और वित्त दे रही है, लेकिन सरकार ने अपने उत्तर के खंड 'घ' में प्रशिक्षित पेशेवरों की जो संख्या बताई है, वह 42,488 है। मैं समझता हूँ कि यह संख्या काफी कम है, तो सरकार सदन को बताये कि इतनी कम संख्या का क्या औचित्य है? इसमें अधिक प्रगति हो, क्या इसके लिए सरकार कोई विशेष अभियान चलाना चाहेगी?

श्री जगत प्रकाश नड्डा : सर, हम लोगों ने मैन पावर के लिए यह कोशिश की है कि हमने डिजिटल प्रोग्राम चलाया है, जिसके माध्यम से हम ट्रेनिंग दे रहे हैं। हमारी कोशिश है कि ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में लोगों को ट्रेनिंग मिल सके और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Q. No. 78